SHRI V. K. DHAGE: There is another Bill on the Agenda.

MR. CHAIRMAN: He has said that he is not moving it.

THE PUNISHMENT FOR MOLESTATION OF WOMEN BILL, 1958

SHRIMATI SAVITRY DEVI NIGAM (Uttar Pradesh): Sir, I beg to move:

> "That the Bill to provide for punishment of persons guilty of molesting women be taken into consideration."

सभापति महोदय, सदन के सम्मुख किसी विधेयक को लाने के अनेक उद्देश्य होते हैं, इस विधेयक को मैं इसलिये नहीं लाई कि मुझे बिल ड्राफ्ट करने का या कानूनी बातों का बहुत कुछ ज्ञान है, किन्तु एक समाज सेविका के नाते मैंने यह अनुभव किया कि आज कल दिल्ली और तमाम बड़े बड़े शहरों में गुंडागर्दी, किडनैपिंग इंसल्टिंग और मोलस्टेशन के केसेज बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं और यह एक बहुत चिन्ता की बात है ।

आज इस बीसवी सदी में भी कालेज में पढ़ने वाली लड़किया और आफिस में काम करने वाली स्त्रिया स्वतंत्रतापूर्वक विचरण करने में अपने को सुरक्षित अनुभव न कर सकें, यह देश के लिये और हमारे लिये बड़ी ही अशोभनीय और ग्लानि की बात है । यदि हम पिछले सालों की फिगर्स देखें--उन केसेज के फिगर्स जो कि सिर्फ कोर्ट में लाये गये--तो हमको एक प्रकार से बड़ा आश्चर्य होता है । सन् १९५४-५५ और १९५५-५६ में एसे जितने केसेज कोर्टस में ट्राई किये गये और पुलिस में रिपोर्ट हुए, उनसे १९५६-५७ में उनकी संख्या लगभग दुगुनी हो गई है । ऐसे करुणाजनक मामले हमारे सामने, विशेष रूप से समाज सेवियों के सामने उपस्थित होते है जिनमें बेचारी लड़कियों के अभिभावक न तो इतना पैसा ही रखते हैं कि वे कोर्ट में जा सकें; वे तमाम अदालती कार्यवाही के लिये न तो इतना पैसा दे सकते है और न इतना समय दे सकते है । इनके अतिरिक्त वे लड़कियां हैं जिनके पिता या अभिभावक पैसा रखते है और कोर्ट में भी जा सकते है लेकिन वे बदनामी, शर्म और समाज के डर से बिलकुल छिपा कर रह जाते है, और इसके बाद वे लड़कियां है जिनके घर वाले सशक्त हैं, सम्पन्न हैं, समाज से भी इतना नही डरते है और समाज सेवियों की मदद से अदालतों में मामला ले जाते हैं लेकिन उनमें भी होता यह है कि महीनों की लम्बी प्रोसीडिंग्स के बाद, बड़ी कार्यवाहियों के बाद, वकीलों के तमाम चक्करों में फंसने के बाद भी ७५ या ७६ फीसदी केसेज में ये कलप्रिट बिल्कुल छूट जाते है और वे बेचारी लड़कियां इंसल्टेड हो कर, तरह तरह के कटु और परेशानी में डालने वाले अनुभवों के बाद, फिर ज्यों की त्यों वापिस आ जाती है । एक तो दुगुनी इंसल्ट और बदनामी हुई, दूसरे तमाम खर्चा और परेशानी हुई और फिर तीसरा उसका नतीजा यह होता है कि वे गुडे लोग, जो कि इस तरह की गुंडागर्दी में फंसे हैं और उनका यह एक व्यवसाय सा बन गया है, वे बड़े आनन्द से निकल कर यह चैलेंज करते हैं कि अभी तो हमने यह किया है लेकिन अब उन सब लोगों के परिवारों में भी इसी तरह हमला करेंगे जिन्होंने कि गवाही दी है और इस प्रकार के चैलेंजेज हमको रोज देखने और सुनने को मिलते है । श्रीमन्, अदालतों में भी वातावरण इतना विचित्र रहता है कि पढी लिखी और ऊंचे परिवार की लड़कियो को भी इतना साहस नही होता है कि वे वहा कभी जायें । एक मामूली सा पेशकार, एक मामूली सा चपरासी तक उस बेचारी भले और अच्छे परिवार की लडकी के चरित्र पर शक करता है । जो भी सुनता है और देखता है वही यह सोचता है कि लड़की का कुछ न कुछ कसूर जरूर होगा । इसलिये मै ने यह उचित समझा है कि जो ऐसे लोग है, जो इस प्रकार की गुंडागर्दी में फंसे हैं,

[श्रीमती सावित्री निगम]

उनके लिये सख्त से सख्त सजा रखी जाये । जहां तक इस का प्रश्न है कि सजा कितनी हो, तो यह तो मैजिस्ट्रेट पर या जज पर निर्भर होगा कि वह जुर्म को देख कर उसके अनुसार सजा दे । यह आवश्यक नही है कि चूंकि मैंने १५ साल रखा है इसलिये एक मामूली सी इंसल्ट करने के जुर्म में भी उसे १५ साल की सजा हो जायेगी । यह जो १५ साल की अवधि और १० हजार का जुर्माना मैंने रखा है उसके पीछे भी एक बड़ा रहस्य है । यह इतनी बड़ी सजाये सिर्फ उनके लिये है जो कि ट्रैफिकर्स है, जो कि वीमेन और चिल्ड्रेन में ट्रैफिकिंग करते है या जो आर्गनाइज्ड ढंग से ब्राथल्स चलाते है और जिनके अन्दर प्राविशियल गैंग्स काम करते है । ये सजाये सिर्फ उनके लिये है । श्रीमन्, मैंने देखा, संसद् के कई सदस्यों ने मुझ से बाहर लाबी में बातें की है और कहा है कि ये सजायें बहुत लम्बी है । मै बिल्कुल मानती हूं, मैं उनसे सहमत हूं । वैसे मै अनेक बार अपने विचार प्रकट कर चुकी हूं कि मै पीनल एडमिनिस्ट्रेशन में विश्वास ही नही करती, मै चाहती हूं कि यह सब करेक्शनल एडमिनिस्ट्रेशन बन जाये। मै तो यहा तक जाने को तैयार हूं। मेरे हृदय में भी उन सब अपराधियों के प्रति वैसी ही ममता और सहानुभूति है जैसी कि किसी भी समझदार व्यक्ति के हृदय मे हो सकती है, लेकिन जब तक कानून है, दंड विधान है, तब तक ऐसे समाज-विरोधी तत्वों को, ऐसे लोगों को जो कि मानवता का अपमान करते हैं, जो कि अपने को इतना गिरा लेते है कि आदमी के शरीर में ही दानव बन जाते है, उनको सजा देने में हमें हिचकिचाना नहीं चाहिये । जब हम पीनल एडमिनिस्ट्रेशन को बिल्कुल खत्म कर दें तब तो ठीक है लेकिन जब तक देश में पीनल एडमिनिस्ट्रेशन है, तब तक ऐसे लोगों को अवश्य ही कठिन से कठिन और कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिये ।

जब इस तरह के केसेज बहुत बढ़े तब हमारे पास यहां के विशिष्ट अधिकारियों से पत्र भी आये कि कुछ न कुछ महिलाय, बहनें, इस दिशा में कुछ काम करें । हम लोगों ने यहा के तमाम पुलिस अधिकारियों की, कुछ बड़े बड़े एडमिनिस्ट्रेटिव अधिकारियों की तथा तमाम इम्पार्टेंट समाज-सेवियों की एक सभा बुलाई और उसमें हम लोगों ने बैठ कर घंटों बातचीत की । जब एडमिनिस्ट्रेटिव सेक्टर के लोगों से और पुलिस अधिकारियों से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम खुद चाहते हैं कि यह चीज खत्म हो। हमें मालूम है कि गुडागर्दी बेहद बढ़ रही है, दिन दहाड़े, तीन चार पांच बजे शाम को जब स्कूलों से लड़कियां लौटती है तो बराबर इस तरह के केसेज हमें रिपोर्ट होते है, लेकिन हम मजबूर है और मजबूरी का कारण उन्होंने यह बताया कि जो क्रिमिनल प्रोसीजर कोड है वह इतनी दूर तक नही जाता है कि ऐसे मामलों में भी जब तक कि पूरी तरह से गवाही न हो, जब तक कि पूरी तरह से मुकदमे लड़ने वाले न हों, तब तक उन लोगो को हम पकड़ सकें, इसलिये कानून में सुधार आना चाहिये । श्रीमन्, उन्हीं बातों को सुन कर मैं इस नतीजे पर पहुंची कि इस बात की आवश्यकता जरूर है कि कोई नया कानूनी सुधार लाया जाये जिसके मातहत ऐसे गलत काम करने वाले गुन्डा प्रवृत्ति के लोगों को किसी तरह रोका जा सके । इसी प्रकार, वहां यह भी चर्चा हुई कि ला आफ ऐविडेंस इतना विस्तृत है कि उसमें से ९९ फीसदी लोग ऐसे मामलों में छट जाते हैं । जिनको कि पुलिस वाले जानते है, लोग जानते है कि यह आदमी गुनहगार है, वे भी ला आफ ऐविडेंस के विस्तृत स्कोप के कारण बिल्कुल छूट जाते हैं । मेरा मतलब यह नही है कि मै ला आफ एविडेंस को किसी तरह से क्रिटिसाइज करना चाहती हूं बल्कि मै यह कहना चाहती हूं कि समाज में लोगों में इतना साहस नहीं है कि अच्छे और ईमानदार लोग जाकर गवाही दे सकें । लोग अपनी आंखों के सामने

देखते हैं लेकिन कुछ नहीं करते । एक बार मेरे सामने भी ऐसा मामला हुआ। मैं ने वहां पर जो लोग थे, उनसे कहा कि तुम लोग गवाही दो लेकिन सब के सब अपनी जान छुड़ा कर भागने लगे और कहने लगे कि हमने किसी को देखा ही नहीं। खैर, उसी वक्त पुलिस आ गई लेकिन अधिकतर आदमियों ने केवल इसलिये कि गवाही के चक्कर में न फंसना पड़े और लम्बे प्रोसीजर में न फंसना पड़े, इंकार कर दिया । और खास तौर से ऐसे नाजुक मामलों में जहां कि चारित्रिक पतन का या जहां किडनेपिंग या इसल्टिंग या मोलेस्टेशन का मामला होता है और उसमें लोग भी गवाही नही देना चाहते है। जहां तमाम समाज में लोगो में इतनी दृढ़ता नही है और न इतना एजुकेशन है कि एक सामाजिक काम के लिये उतना कष्ट उठाना स्वीकार करें, उनमें ला आफ ऐविडेंस का जो रोल होता है, वह उन गुंडों को बचाने के लिए बहुत दूर तक जाता है । इसलिए, श्रीमन्,मैने यह सोचा कि इस प्रकार का विधेयक आये । मैं यह नहीं कहती कि मेरे जो विचार हैं वे बिलकुल सही विचार है । मुमकिन है, संसद् के अन्य सदस्य मेरे प्रस्ताव में संशोधन करना चाहें या उस पर नये विचार प्रकट करेंगे, तो मुझे उनसे भी एक शक्ति मिलेगी । मेरा तो केवल उद्देश्य यह है कि इस प्रकार की चर्चा हो और इस प्रकार क समस्या की ओर सरकार जागरूक हो और साथ ही साथ हमारे संसद् सदस्य भी इस दिशा में सोचें और उसके बाद अगर वास्तव में इस विधेयक को पास करने की जरूरत हुई अथवा इसमें दूसरी तमाम कमियों और कमजोरियों को पूरा करने की जरूरत हुई, तो उन्हें डिपुटी होम मिनिस्टर महोदया स्वीकार करें, और अगर यह विधेयक दूर तक जाने वाला नहीं है और उन कानूनी खामियों को पूरा करने वाला नही है, तो उस दशा में, श्रीमन् ,वे कोई न कोई ऐसा विधेयक लायें जिससे इस समस्या को दूर करने की पूरी पूरी गुंजाइश हो जाये और पूरी पूरी एक शक्ति सरकार के हाथ में, एक बल पुलिस के हाथ में आ जाये ।

श्रीमन्, इस समस्या को हम तीन भागों मे विभाजित कर सकते है । पहली समस्या वह है जिसको हम लोकल गुंडागर्दी कह सकते है । दूसरी समस्या, जो कि गुंडागर्दी का हिस्सा है, वह है : Inter-provincial gang of traffickers and brothel-keepers. और श्रीमन्, जो तीसरी समस्या है, वह है सिनेमा और रोमांटिक हारर । जो बिगड़े हुए, मनचले, भावुक नवयुवक है और उनके साथ, श्रीमन्, मुझे भी बहुत बड़ी सहानुभूति है । बेचारे बच्चे, नवयुवक बिना कुछ समझे हुए, आगा पीछा देखे हुए, भावुकता में पड़कर रोमांटिक सिनेमा को देखकर और हारर कामिक को पढ़कर अपने को स्वयं वे एक तरह नायक मान बैठते है और उनके हृदय में स्त्री का स्वरूप माता के समान या बहिन के समान नही रह जाता और वे समझते है कि स्त्री का नायिका का रूप है । इसी के कारण वे गलत और अनुचित काम कर बैठते हैं । मुझे उनके साथ स्वयं इतनी सहानुभूति है जितनी कि संसद् के अन्य किसी सदस्य या बाहर के लोगों को होगी । लेकिन, श्रीमन्, मै इस बात को अनुचित समझती हूं कि उस सहानुभति के कारण हम अपने हृदय में इतना साफ्ट कार्नर बना दें कि हम इस गुंडागर्दी की समस्या को जो कि समाज में एक विकराल तांडव मचा रही है, उसकी भी अवहेलना कर दें । अभी दो, एक दिन मे मैने चर्चा सुनी कि "हम एक ऐसा विधेयक लायेंगे, जिससे प्रोटेक्शन दिया जाये मेन को—आदमियों को" । जब संसद् के जिम्मेदार सदस्यों में यह मनोवृत्ति है, तो फिर हम नवयुवकों की बात नही कह सकते । लेकिन मै जानती हू कि जिन संसद् सदस्यो में यह मनोवृत्ति है उसका एक कारण है—क्योंकि उनके हृदय में इस प्रकार के नवयुवकों के लिए बड़ी सहानुभूति है । इसीलिए वे सोचते है कि इस प्रकार के नवयुवकों के लिए किसी न किसी तरह का प्रोटेक्शन मिलना चाहिये ।

SHRI H. P. SAKSENA (Uttar Pradesh): It is a baseless charge.

श्रीमती सावित्री निगम : मैं यह कहना चाहती थी कि अभी भी जहां ऐसे नवयुवकों को या विद्यार्थियों को सुधारने का प्रश्न है, वह प्रश्न बिल्कुल एक दूसरा ही प्रश्न है और उस के लिये हम लोगों को यह आवश्यक नहीं है कि कोई कानूनी कार्यवाही करें और उन को दंडित करें। हम स्कूलों में धार्मिक शिक्षा और नैतिक शिक्षा के द्वारा अपने नवयुवकों के चरित्र को ऊंचा उठा सकते हैं। लेकिन यह बात जरूर है कि ऐसे नवयुवकों की भी समझ में हम यह बात लायेंगे कि एक सीमा तक ही भावुकता को समाज में सहन किया जा सकता है और सीमा के बाहर जाने पर वह एक महान् अपराध हो जाता है और इतना बड़ा अपराध हो जाता है कि जिस के लिये कठोर से कठोर दंड दिया जा सकता है। जहां तक ऐसे नवयुवकों का प्रश्न है, हम लोगों के सामने भी ऐसे तमाम मामले आते रहते हैं। अभी थोड़े दिन १०–१५ दिन पहले एक मामला भारत सेवक समाज के सामने पेश हुआ। उस में यह हुआ कि एक यूनिवर्सिटी स्टुडेंट ने एक स्कूल जाती हुई लड़की के साथ कुछ अनुचित व्यवहार किया जिससे लड़की के मां बाप ने बहुत ही दुखी और इंसलटेड फील किया और उन में बड़ा रिवेंजफुल भाव जाग्रत हुआ और उन्होंने मुकदमा भी दायर कर दिया। जब लड़की के मां बाप हम से मदद लेने के लिये आये तब हमने उनको समझाया कि अच्छा हो इस मामले को आप बैठ कर और सहूलियत से साल्व करें, क्योंकि ऐसा अपराध नहीं हुआ है कि एक नवयुवक की जिन्दगी आप हमेशा के लिये बर्बाद करें और किसी को आप हमेशा के लिये कलंकित और लांछित करें। नतीजा यह हुआ, हमने दूसरी पार्टी को बुलाया। अन्त में दोनों तरफ के लोगों ने इतनी उदारता दिखलाई कि इस भंयकर इंसीडेंट के बाद उनके बीच का झगड़ा लडके और लड़की के विवाह के पवित्रबधन मे परिवर्तित हो गया। श्रीमन्, मैं यह बताना चाहती हूं कि मैं जो यह विधेयक लायी हूं, मेरा यह बिल्कुल उद्देश्य नहीं है कि मैं एक रिफार्म करूं सोसायटी में। मैं रिफार्मिस्ट नहीं बनना चाहती। मैं यह जानती हूं कि जब तक मानवीय शरीर है तब तक मानवीय दुर्बलता रहेंगी–प्रेम भी होंगे, रोमांस भी होगा। भूलें भी होंगी, और उन को क्षमा भी किया जायेगा। लेकिन जहां ये भूलें रोमांस के दायरे से निकल कर गुंडागर्दी में बदल जाते हैं, वहां उनको रोकने के लिये ऐसे विधेयक की अत्यन्त आवश्यकता है। इसलिये, श्रीमन्, मैं आप से और संसद् के सभी सदस्यों से प्रार्थना करूंगी कि ऐसे गंभीर मामलों में कभी भी मजाक या हंसी उड़ा कर इनको नहीं टाल देना चाहिये। यह प्रवृत्ति मेरे एक क्षेत्र के लिये नही, अकेले समाज सेवा के क्षेत्र के लिये नही, बल्कि पूरे समाज के लिये, पूरे देश के लिये घातक और अत्यन्त हानिप्रद है।

श्रीमन्, इस प्रकार की जो मैं ने दूसरी समस्या बतलाई लोकल गुंडागर्दी की, उस के बारे में मैं यह कहना चाहती हूं कि आज भी दिल्ली में, बावजूद दिल्ली के एक कैपिटल सिटी होने के ऐसे अनेक गुंडे, है जो इधर उधर तमाम अपने ऐजेंट्स रखते है, ऐसे लोगों को रखते है जिन को उन्हों ने यह कह रखा है, उन को रुपया भी वे देते है, तरह तरह की उन को नसीहत-ट्रेनिग भी बाकायदा देते है कि वे स्कूल जाती हुई लड़कियों या कोई दुखाई हुई पति या परिवार से असन्तुष्ट लड़कियों को बरगला कर ले आयें। इस तरह के लोगों का एक जाल सा बिछा हुआ है और उसी जाल के कारण इस प्रकार की घटनायें दिनोदिन बढ़ती जा रही है।

श्रीमन् इसी प्रकार की जो दूसरी बात है, इंटर प्राविशल ट्रैफिकियर्स का गैंग। हम आये दिन ऐसी घटनायें अखबारों में पढ़ते रहते है, ऐसी रिपोर्ट्स हमारे पास यूं भी आया करती हैं कि किस प्रकार इन ट्रैफिकियर्स का गैंग पूरे देश में फैला हुआ है। अभी अभी

थोड़े ही दिन पहले एक अखबार में था कि वह गैंग इंटरनेशनल गैंग है। जापान, चीन और तमाम और देशों में पता नहीं किस प्रकार ये लोग इस प्रकार से लड़कियों को फुसला कर बहका कर उन दूर दूर देशों मे ले आते हैं। उन देशों में पहले वे गये वहां विवाह किया और एक देश से दूसरे देश चले गये। उस का मै सबूत भी आपको बताना चाहती हूं। यहां पर जो जी० बी० रोड है, उसमे मैंने एक बार सर्वे किया सन् १९५४ मे, और उस दर्मियान हमें कुछ घरों से ऐसी स्त्रियां मिलीं जो भारत से नहीं विदेशों से आई हुई स्त्रियां थी, जो कि बिचारी चीन मे, जापान से, कंबोडिया से ले आई हुई थी। पता नही उन को क्या सब्ज बाग दिखा कर धोका दिया गया होगा और उन की यह गति बना दी कि वे अंत में घृणित व्यवसाय पर उतर आई। श्रीमन्, इसी प्रकार की गुडागर्दी की तरह यह जो वेश्यावृत्ति की समस्या है, वह देश के लिये भयानक कलंक है। वह समस्या इन्हीं गुंडों के कारण बराबर पनप रही है। बावजूद इस के कि इसी सदन में थोड़े दिन पहले एक बहुत ही अच्छा और उपयोगी विधेयक पास हुआ, लेकिन उस विधेयक में जो व्यवस्था थी, वह उतनी दूर तक जाने वाली नहीं है, जितनी कि जानी चाहिये; क्योंकि ऐसा प्रतीत होता है कि वह विधेयक लाया तो गया था, वेश्यावृत्ति उन्मूलन के लिये, अबालिशन आफ प्रास्टिट्यूशन के लिये लाया गया था, लेकिन हाफ हार्टेडली लाया गया था। उस में भी, श्रीमन्, यह कह दिया गया कि कोई स्त्री यदि स्वतन्त्रतापूर्वक चाहे तो वह इस अनुचित व्यवसाय को —मैं तो उसे व्यवसाय नहीं मानती इस पापमय और अनुचित नारकीय व्यवसाय को—अपना सकती है। लेकिन अगर वह विधेयक लाने के पहले जरा इस समस्या की गहराई मे हमारे गृह मंत्री महोदय गये होते या सरकारी स्पोक्समेन जिन्होंने कि इस विधेयक का निर्माण किया, ड्राफ्टिंग की, वे गये होते तो उन को पता चल जाता कि एक भी स्त्री ऐसी नहीं हो सकती इस देश में और न है, जो इस प्रकार का नाजायज काम अकेले और स्वतन्त्र रूप से, बिना किसी मदद के, करेगी और न इस प्रकार के घृणित तथा नारकीय व्यवसाय को अकेले करने में सफल हो सकती है। हां, यह जरूर हुआ उस विधेयक के बाद कि जो बड़े बड़े ब्राथल्स हैं जिनमे ७०, ७५ या ८० स्त्रियां चुरा कर, बहका कर, बरगला कर लायी जाती थीं वह चीज अब खत्म हो गई है। लेकिन अब उन्हों ने उसी में कम्पार्टमेंट्स बना दिये हैं ताकि कानूनी पकड़ के भीतर वे न आ सकें और यह अनुचित और नारकीय व्यवसाय चलता रहे। श्रीमन्, आये दिन छोटे छोटे बच्चों को दूसरे दूसरे प्राविन्सेज से चुराया जाता है, चुराने के बाद एक के हाथ से दूसरे, दूसरे के हाथ से तीसरे को, और तीसरे के हाथ से चौथे को बेच देते हैं और अन्त में उनका इतना पतन होता है कि वे बेचारे इस नरक कुंड में लाकर जीवन भर के लिये ढ़केल दिये जाते हैं और जहां से बाहर निकलने का कोई दर्वाजा नहीं रह जाता। श्रीमन्, इस विधेयक को जब मैं ने लाने का प्रयत्न किया था, तब मेरे दिमाग में इन तमाम बातों को एक पूरी कहानी मौजूद थी जिन में से एक के बारे में मैं दो मिनट के अन्दर आपके सामने जरूर जिक्र करना चाहूंगी।

श्रीमन्, आदरणीय दातार साहब जो कि हमारे होम मिनिस्टर हैं, उन की कृपा से, यहां के कुछ पुलिस अधिकारियों के कोआपरेशन के कारण, हम लोगों ने तीन चार साल पहले एक ब्राथल में एक रेड किया था। वहां हमें जितने बच्चे और बच्चियां मिलीं उन की उम्र १३ साल से नीचे थी। उन को हम ने रेस्क्यू किया और पूअर हाउस में रख दिया। मैं यहां पर यह बताना चाहती हूं कि किस तरह से अच्छे से अच्छे प्रयत्न और प्रयास को भी आर्गनाइज्ड किस्म की ट्रेफिकियरिंग और गुडागर्दी करने वाले बिफल बना देते हैं।

श्रीमान्, रात दिन परिश्रम कर के हम लोगों ने २४० के करीब लड़कियों को

[श्रीमती सावित्री निगम]

जो वहां मौजूद थीं जिन में १२ बच्चियां भी थीं, जो कोयम्बटूर, उड़ीसा और दूसरे दूसरे प्रान्तों से लाई गई थीं, उन में से कुछ को हम ने रेस्टोर कर के, जिन जिन के माता पिता, भाई बहिन का पता हम लोगों को चल गया, हम ने उन के पास भेज दिया । ये लड़कियां अपने अपने प्रान्तों में जब घर से स्कूल को जा रही थीं या खेलने के लिये निकली थीं तब रास्ते में ही गुम कर दी गयीं । इस तरह से श्रीमन्, हमें जिन लड़कियों का पता चल सका उन्हें उन के घर वालों के पास भेज दिया । श्रीमन्, जहां हमारे पास समाजसेवी लोगों और सरकार का सहयोग था, वहां हम लोगों के खिलाफ इन गुंडागर्दी करने वाले लोगों ने ३ लाख रुपया इकट्ठा किया और एक बढ़िया वकील इन लड़कियों को छुड़ाने के लिये अदालत में रखा । इन लोगों ने एक अच्छे डाक्टर को रख कर यह साबित करवाया कि ये जो लड़कियां वहां पर मिलीं थी उनकी उम्र १८ साल की है और इस तरह का उन्होंने सर्टिफिकेट भी पेश कर दिया, जिस को देख कर हम लोग आश्चर्यचकित हो गये । श्रीमन्, यह भी हुआ कि जिस डाक्टर ने इस तरह का सर्टिफिकेट दिया था हम लोगों की कोशिश से वह नौकरी से निकाल दिया गया । तो इन लोगों ने हमारे समाज के अन्दर गुण्डागर्दी के तरीके से हम लोगों के खिलाफ, जो इस तरह के समाजसेवी कार्य करते हैं, मोर्चा बना लिया है । हम करीब आधी लड़कियों को वहां से छुड़ा कर ले आये । हमारी तीस चालीस सोशल वर्कर्स ने इतनी इनर्जी, इतना परिश्रम और इतना रुपया खर्च किया और रात दिन अपनी बहिनों की सेवा की, उन के खाने पीने की व्यवस्था की और वहां पर जा कर रहना पड़ा और फिर भी गुण्डे लोगों ने अपनी करतूतों से उन के कार्य को विफल कर दिया ।

यह देख कर दुःख होता है कि जब सरकारी अदालत में इस तरह के लोगों के खिलाफ कुछ कार्यवाही की जाती है तो उन को अदालत से बहुत थोड़ा सजा मिलती है । श्रीमन्, मैं यह कहना चाहती हूं कि जब इस मामले में अदालत ने इन लोगों के खिलाफ सजा सुनाई तो हमारे सोशल वर्कर्स के सामने इन गुंडों ने उन का मजाक उड़ाया और हंसते हुए बाकी लड़कियों को फिर से अपने पंजे में कर के नरक कुंड में ले गये ।

तब, श्रीमन्, मैं ने यह महसूस किया कि बिना सरकारी संरक्षण के, या कानून में सुधार कर के, चाहे हम लोग लाख कोशिश करें, इस भंयकर कुरीति को जो समाज के नस नस में एक बड़े विकराल सर्प की तरह घुस गई है, मिटा नहीं सकते हैं । उस समय हम लोगों ने यह निश्चय किया कि इस प्रकार का विधेयक लाया जाये जिस में गुन्डागर्दी करने वाले लोगों की कुछ न कुछ पकड़ हो, पकड़ होने के पश्चात बड़ी से बड़ी सजा दी जा सके । श्रीमन, एक बात इस सिलसिले में मैं बता देना चाहती हूं, वह यह है कि उन में से कई लोगों के ऊपर जुर्म साबित हो गया था । इन में से कुछ लोग, ब्राथेल कीपर्स, थे और ट्रैफिकियरिंग करने वाले थे, लेकिन उन में से किसी को ५०० रु० जुर्माना हुआ और किसी को एक महीने की सजा हुई । जब इन लोगों ने सजा सुन ली , तो मजिस्ट्रेट के ही सामने हंसते हुए कहा कि ५०० रु० तो कम है, अगर ५,००० रु० भी जुर्माना होता, तो हम मजिस्ट्रेट, साहब के शुक्रगुजार होते । इस तरह से इन लोगों को क्रमशः ५,००, ६००, ८०० और एक हजार रुपया तक जुर्माना हुआ लेकिन सजा नही हुई ।

इसलिये, श्रीमन्, मैं ने इस बिल में जो सजा रखी है वह १५ वर्ष की रखी है और जुर्माने की जो रकम रखी है वह १० हजार रु० की है । यह भी ट्रैफिक्यिरिंग और ब्रॉथैल कीपर्स के लिये बहुत कम है, क्योंकि वे लोग एक मिनट के अन्दर इतना

रुपया इकट्ठा कर सकते हैं। यह तो उनका व्यापार है कि एक लड़की को मद्रास से उड़ा लाये और बम्बई में बेच दिया। इस तरह से उनके पास आसानी से २५ हजार रुपया आ जाता है।

मैं होम मिनिस्टर महोदया, दातार साहब और संसद सदस्यों से प्रार्थना करूंगी कि यह समाज के लिए बहुत ही जीवन-मरण की समस्या है। मृत्यु तो एक न एक दिन आती ही है और उसका सामना करने के लिए सब तैयार रहते हैं, लेकिन यह समस्या हमारे समाज में बहुत भयंकर और विकराल रूप धारण किये हुए है। उस स्त्री की दशा को ध्यान में रखिये, जिसे १०० मर्तबा दिन में मरना पड़ता है और मृत्यु से भी अधिक भयानक कष्ट उठाना पड़ता है। ऐसे घृणित लोगों का सामना करना पड़ता है, जिन्हें तरह तरह की बीमारियां होती हैं और अंत में स्वयं भी इन बीमारियों का उसे शिकार होना पड़ता है। इन स्त्रियों के बारे में जब हम कोई विधेयक लाने की चेष्टा करें, तब हमें बहुत संजीदगी और गम्भीरता से उसमें बातें रखनी चाहियें। आप सब लोगों से प्रार्थना करूंगी कि गम्भीरता रखने के पश्चात् हम सब लोग यह विचार करें कि किस तरह से भारत का जो सबसे बड़ा कलंक है, उसे दूर किया जा सकता है। आजादी मिलने के दस वर्ष बाद भी हमारे यहां समाज में अमानवीय नारकीय वेश्या प्रथा मौजूद है। इस चीज को हम तब तक दूर नहीं कर सकते हैं, जब तक कि इसमें जो ट्रैफिकिंग करने वाले हैं, गुण्डागर्दी करने वाले हैं, जिनका प्राविंशियल और इन्टरनेशनल गैंग बना हुआ है, उनको पकड़ने या सजा दिलाने की कोशिश नहीं करेंगे। इसलिए मैं यह भी कहना चाहूंगी कि अगर यह विधेयक सचमुच दूर तक जाने वाला नहीं है, तो मुझे सको विड्ड्रॉ करने में कोई ऐतराज नहीं होगा और मैं होम मिनिस्टर महोदय से प्रार्थना करूंगी कि अगर वे इस विधेयक को उपयोगी समझती हैं और उसमें कुछ अमेण्डमेंट पेश करना सोचती हैं तो मुझे उसमें कोई ऐतराज नहीं है। मेरा तो ध्येय यह है कि इस तरह का कानून बन जाना चाहिये, जिससे हमारी स्त्रियों को इस तरह से नारकीय जीवन व्यतीत न करना पड़े और न उनको खरीदा या बेचा जा सके। अगर इस समय इसमें कोई अमेण्डमेन्ट मूव किया गया, तो मैं इसे अवश्य स्वीकार कर लूंगी।

श्रीमन्, मानवीय दुर्बलता का जहां तक प्रश्न है, मैं यह कहना चाहती हूं कि मानवीय दुर्बलताएं—स्त्रियों, पुरुषों सब में समान रूप से होती हैं और मैं यह भी बताना चाहती हूं कि उनको समान अपराध के लिए समान दंड भी मिलना चाहिये। यहां नहीं मैं और भी आगे जाना चाहती हूं, क्योंकि स्त्रियां मानवीय चरित्र की विधात्री हैं। वे संतान की शिक्षक हैं। जब संतान पहले धरती पर आती है, संसार में आती है, तब से माता के चरित्र का, उनके जीवन-आचार का, संतान पर पूरा असर पड़ता है। इसलिए मैं कहूंगी कि अगर स्त्री में कोई चारित्रिक दुर्बलता है, तो उसको पुरुष से भी ज्यादा दंड दिया जाये। लेकिन, श्रीमन्, मेरी यह बात भी गौर से देखें कि जो बहिनें इस तरह की गुण्डागर्दी और ट्रैफिकिंग के जाल में फंस जाती हैं, उस समय हमें चार पांच बातों को कभी नहीं भूलना चाहिये। एक बात तो यह है कि हमारे समाज की स्थिति क्या है। एक व्यक्ति चाहे वह कितना गलत काम करे, लेकिन समाज उसे कोई दंड नहीं देता है। चाहे उसके परिवार वाले या निकट संबंधी——मां-बाप-भाई-बहिन—यह सब जानते हैं कि हमारे भाई या बेटे में यह चारित्रिक दुर्बलता है, लेकिन उसकी परवाह नहीं करते हैं। अभी मैं आपके सामने एक नमूना पेश करना चाहती हूं। हम ने एक लड़के के मां-बाप से यह शिकायत की कि तुम्हारा लड़का फलां लड़की को छेड़ता है

[श्रीमती सावित्री निगम]

यह अच्छी बात नहीं है । आप अपने लड़के को इस बारे में समझाइये कि वह भविष्य में इस तरह की बात न करे । इस पर लड़के की मां ने कहा कि मेरे लड़के में जो चारित्रिक दुर्बलता है, उसकी मुझे कोई चिंता नहीं है, अगर फ़िकर होनी चाहिये तो लड़की की मां को होनी चाहिये । मेरा तो लड़का है । मेरी तो इज्जत जाती नहीं, इज्जत तो लड़की वाले की जाती है । हम सब लोग इस बात को सुन कर आश्चर्यचकित हो गये । हम सब समाज सेवी उस बहिन के पास इसलिए गये थे कि उससे यह कहें कि उसका लड़का कभी लड़की को छेड़ता है, तंग करता है, सताता है, तो अवश्य मां उसको सजा या दंड देगी । मगर वह कहती है कि मेरा लड़का स्वतंत्र है, आज़ाद है और पुरुष है, तुम जा कर लड़की की मा को समझाओ ।

श्रीमन्, इसी प्रकार धर्म ले लीजिये । धर्म ने तो पुरुषों को हर प्रकार का संरक्षण दिया है । आप यह देखिये कि ऐसे ऐसे दोहे नित्य कहे और सुने जाते हैं :

"सहज अपावन नारि पति सेवत शुभगति लहै ।"

स्त्रियां सहज में अपवित्र होती हैं । चाहे लोग मनोरंजन के लिए कहें या सचमुच कहें, लेकिन इस प्रकार के दोहे या चोपाई एक बार मुंह से निकालने से अगर हम १० नवयुवकों के सामने कहते हैं, तो नौ नवयुवकों के दिमाग में यह बात बैठती है कि स्त्रियां बहुत ही निम्न हैं, ओछी हैं, तुच्छ हैं, दुर्बल हैं और पुरुष बहुत अच्छे हैं ।

डा० रघुनाथ प्रसाद दुबे (मध्य प्रदेश) : कोशिश करके उसको रामायण से हटा दीजिये ।

श्रीमती सावित्री निगम : इसी प्रकार "ढोल, गँवार, शूद्र, पशु, नारी" भी है । तो हमारे शास्त्रों ने और धर्म ने तरह तरह का संरक्षण पुरुषों को दिया है और विशेष रूप से स्त्रियों के विरुद्ध हमारी मनोवृत्ति ही बड़ी कुंठित बन गई है । इसीलिए बापू ने एक बार कहा था कि यदि स्त्रियां शास्त्र की निर्माता होतीं, यदि स्त्रियों को शास्त्र लिखने और बनाने का अधिकार दिया गया होता, तो इस प्रकार की त्रुटियां कभी भी न हुई होतीं और उनकी रूपरेखा बिलकुल बदल गई होती ।

मैंने व्यवहार के संरक्षण की चर्चा पहले की, अब मैं सामाजिक कुरीतियों की चर्चा करना चाहती हूं । जितनी भी सामाजिक कुरीतियां हैं उनमें से ९९ फी, सदी कुरीतियों में स्त्रियों पर ही प्रहार किया गया है । चाहे दहेज़ की प्रथा ले लीजिये--- बहुविवाह भगवान की दया से रहा नहीं--- चाहे जाति-पांति की प्रथा ले लीजिये, या और भी जितनी समाज में कुरीतियां हैं उन सब को ले लीजिये, उन सारी कुरीतियों का जो प्रहार है वह सीधे स्त्री जाति पर है । उनमें कहीं यह नहीं है कि पुरुषों पर किसी प्रकार का प्रहार किया जाता हो । जहां तक धर्म की बात है वहां तक मैं यह कहना चाहती हूं कि स्त्रियों के मन में भी ऐसी बातें बिठला दी गई हैं, उनकी साइकालोजी ऐसी बना दी गई है कि वे स्वयं ही अपने में एक हीनत्व की भावना पाती हैं । श्रीमन्, जब पाकिस्तान से स्त्रियां आईं, तो बापू ने कई बार ऐलान किया और लोगों को समझाया कि जिन स्त्रियों के सतीत्व पर किसी प्रकार की लूट की गई हो, वे बिलकुल पवित्र हैं और समाज को उन्हें पवित्र मानना चाहिये । उनके इस ऐलान का बड़ा अच्छा प्रभाव हुआ और बहुत से लोगों ने ऐसी बहनों को अपनाया, जो पाकिस्तान में छः, सात, आठ महीने रह कर आई थीं । लेकिन हमें सचाई पर से भी अपनी आंख अलग नहीं करनी चाहिये । ऐसी भी एक बहुत बड़ी तादाद निरपराध बहनों की है, जो कि ज़बरदस्ती और अत्याचार द्वारा वहां पर रखी गई थीं, लेकिन जब वे हिन्दुस्तान वापस आईं तो उनको ग्रहण नहीं किया गया । इतना ही नहीं, मैं एक बहन की बहुत करुणाजन

हालत बतलाती हूँ । उसके पति इस बात के लिए तैयार थे कि मैं उसको अपने घर में ले जाऊंगा और सम्मानित तरीके से रखूंगा, लेकिन परिवार के कई लोग कहते थे कि हम नहीं रखेंगे । जब उस स्त्री से पूछा गया कि तुम्हारे पति तैयार हैं, तुम क्या कहती हो, तो उसने कहा कि मैं अपवित्र हूं, मैं सनातन धर्म में विश्वास करने वाली हूं, इसलिए मैं नहीं चाहती कि मैं अपने पति के घर में जाकर उनको अपवित्र करूं । वह रोती थी और बहुत ही दुःखी थी, लेकिन वह पति के कहने के बावजूद तैयार नहीं थी इस भय से, इस आशंका से कि कहीं वह अपने पति और अपने परिवार को अपवित्र न कर दे । इसलिए जो लोग इस प्रकार के विधेयक को बहुत ही मामूली और लाइट तरीके से लेते हैं, उन्हें मैं बताना चाहती हूँ कि यह बहुत ही संजीदगी से और गंभीरतापूर्वक सोचने वाला और विचार करने वाला विधेयक है । किसी को यह नहीं सोचना चाहिये कि हमें इसलिये इसका विरोध करना चाहिये या इसका मज़ाक उड़ाना चाहिये क्योंकि या तो यह एक स्त्री के द्वारा मूव किया गया है या स्त्रियों के लिये है ।

श्रीमन्, समाप्त करते समय मैं एक बात यह कहना चाहती हूं कि हम जब कभी उन अभागी स्त्रियों की रक्षा के विषय में सवाल उठायें, तो हमें यह कभी नहीं भूल जाना चाहिये कि स्त्रियों का एक स्त्री के रूप में बहुत ऊंचा रूप है और वह है मां का रूप । स्त्रियों का यह रूप समझ कर हमें स्त्रियों के विषय में चर्चा करनी चाहिये । जब हम स्त्रियों की चर्चा करें तो हमें अपना मस्तक एक स्त्री के उस रूप के आगे नत करके चर्चा करनी चाहिये, जो कि एक ऐसी जननी का रूप है जो पैदा होने से लेकर मरण तक हर प्रकार से शरीर का निर्माण करने में, विचारों का निर्माण करने में और जीवन का निर्माण करने में अपने को न्यौछावर कर देती है । जब हम स्त्रियों की चर्चा करें, तो हम उस स्नेहशील बहन का रूप सामने रखें, जो कि अपने भाई पर न्यौछावर हो जाती है और अपने भाई के लिये हर मिनट शुभकामनायें किया करती है । जिस समय हम इस प्रकार के विधेयक पर विचार करें, हम यह कभी नहीं भूलना चाहिये कि स्त्रियों का एक रूप हमारी उन बेटियों का रूप भी है, जो हमारे घर की नाक होती है, जो हमारे जीवन का अरमान होती है । इसलिये मैं संसद् के सम्मानित सदस्यों से यह प्रार्थना करूंगी कि वे इन तीनों रूपों को सामने रखकर इस विधेयक पर विचार करें । उनको वह रूप जो कि प्रेयसी और नायिका का रूप है, उसको इस समय भुला देना चाहिये । यह एक ऐसा गंभीर विषय है, जो कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने वाला है और समाज में एक स्वस्थ वातावरण उत्पन्न करने वाला है, इसलिये मैं प्रार्थना करूंगी कि महिलाओं के या जननी जाति के इन तीन रूपों को प्रणाम करने के बाद ही माननीय सदस्य इस पर विचार प्रकट करें ।

धन्यवाद ।

MR. CHAIRMAN: Motion moved:

"That the Bill to provide for punishment of persons guilty of molesting women be taken into consideration."

شریمتی انیس قدوائی (اتر پردیش): جناب عالی - ساوتری جی نے جو بل پیش کیا ہے اس میں انہوں نے دو چیزوں کو اس وقت گڈ مڈ کر دیا ہے - بل میں کچھ اور ہے اور جو انہوں نے ابھی تفصیل بیان کی ہے وہ کچھ اور ہے - اپنی سپیچ میں وہ ایک ایسے گیپنگ کا ذکر لے آئیں جس پر ہم لوگ اس سے پہلے بھی توجہ دے چکے ہیں - جس کے لئے گورنمنٹ نے دوسرا قانون بھی بنایا ہے - اس لئے وہ چیز تو یہاں بحث سے خارج ہے - یہ کہنا کہ جو گیپنگ ہے وہ بہت سے برے کام کرتا ہے مختلف صوبوں میں گڑ بڑ کر

عجیب سی بات معلوم ہوئی - لیکن شاید میرے بھائی بھول گئے ہیں کہ آج سے بہت پہلے پرانے دنوں میں ہندوستان میں ایک ایسا سماجی نظام تھا جس میں کہ ذات برادری اور پنچایتیں یہ سب جماعتوں پر کنٹرول رکھتی تھیں - لیکن سنہ ۱۹۴۷ میں ہمارا وہ سارا تانا بانا ٹوٹ گیا کیونکہ بہت سے لوگ گئے اور بہت سے لوگ آئے - لاکھوں کروڑوں کی تعداد میں لوگ پاکستان سے آئے اور لاکھوں کروڑوں کی تعداد میں لوگ یہاں سے گئے - جو وہاں سے آنے والے ہیں انکو میں نے دیکھا ہے - جو یہاں سے گئے ہیں ان کی کیا حالت ہے یہ تو مجھے معلوم نہیں ہے کیونکہ میں نے پاکستان کی کبھی شکل تک نہیں دیکھی ہے - پارٹیشن کے پہلے بھی لاہور اور کراچی نہیں دیکھا تھا - اس لئے ان کے بارے میں میں کچھ نہیں کہہ سکتی - لیکن جو یہاں آئے ہیں ان کی حالت کو میں نے دیکھا ہے اور اس کا اندازہ کیا ہے - ویسے بھی کہا جاتا ہے کہ انسان ایک سوسائیٹی کی چیز ہے اور اگر سوسائیٹی نہ ہو تو اس میں اور جانور میں کوئی فرق نہیں رہ جاتا ہے - بالکل یہی کیفیت تھی جبکہ ہمارے سماج کا تانا بانا ٹوٹ گیا اور جبکہ ہماری سوسائیٹی وہ نہیں رہ گئی جو کہ پہلے تھی اور ہم نے یہ دیکھا کہ ان میں سے کسی کو نہ تو غیرت رہ گئی تھی نہ وہ شرم

[شریمتی انیس قدوائی]

رہا ہے، عورتوں کو طوائفوں کے اڈوں پر پہونچانا ہے، ان کو ویشیا بناتا ہے - تین تین چار چار جگہ بیچتا ہے - یہ دوسری چیز ہے - اور جو شریف گھر گرہست عورتوں کو راہ چلتے چھیڑتے ہیں یا افسر ہونے یا ذمہدار جگہوں پر پہونچنے کے بعد جو عورتوں کی عزت کرنا نہیں جانتے ہیں وہ ایک علیحدہ بات ہے - ان میں اور ان میں بہت فرق ہے - جہاں تک میں سمجھ سکی ہوں میری بہن مسز نگم کا مطلب اس بل میں ان لوگوں سے ہے جو دوسری طرح کے ہیں -

بہر حال میں جو کچھ سمجھی ہوں اس کے حساب سے اس بل پر کہوں گی - میں سمجھتی ہوں کہ وہ ایک اچھی چیز یہاں پر لائی ہیں اور ایک ایسے مسئلہ کو یہاں چھیڑا ہے جس کو چھیڑنا زیادہ بہتر ہے بہ نسبت اس کے کہ اس پر پردہ ڈالا جائے - ابھی تک ہم لوگ پردہ ہی ڈالتے رہے ہیں اور اس چیز کو کبھی میدان میں نہیں لائے - میں نے دیکھا کہ اس ہاؤس میں ہمارے بہت سے بھائی ساوتری بہن کے کہنے پر نہیں بلکہ بل کے الفاظ پر اور اس چیز کو یہاں لانے پر ہنسے - بہت سے لوگوں کو یہ ایک بہت

مسلمان بہنیں برقعہ پہن کر نکلتی تھیں - لیکن وہ زمانہ چلا گیا - اب ہم ترقی کے دور میں ہیں اور اس دور میں مردوں نے بھی ہر چیز نئی اختیار کر لی ہے - تو کم سے کم ذہنیت اور عادتوں کے اعتبار سے بھی انمیں کچھ نہ کچھ فرق ہو جانا چاہئے تھا - مجھے افسوس یہ ہے کہ ذہنیت کے اعتبار سے، اخلاقی اعتبار سے عورتوں اور مردوں دونوں کو آپ کہہ سکتے ہیں کہ وہ پہلے کے اس اونچے معیار پر نہیں قائم رہی ہیں جس پر کہ پہلے کبھی تھیں - ہندوستان کی عورت کو ہمیشہ ستی اور ساوتری سے مثال دی جاتی تھی - وہ صحیح معنوں میں ستی اور ساوتری تھی یہی - اس کی آواز، اس کا جسم، اس کی ہر چیز محفوظ تھی گھر کے لئے، خاندان کے لئے - باہر اس کو کوئی دیکھ نہیں سکتا تھا - آج یہ کہا جاتا ہے کہ ہندو بھائیوں میں پردہ کا رواج نہیں تھا لیکن میں نے خود رامچندر جی کی کہانی میں یہ پڑھا ہے کہ جب رامچندر جی نے سیتا جی کو ڈھونڈنے کے لئے لکشمن جی سے کہا کہ میں ادھر جاتا ہوں اور تم ادھر جاؤ تو لکشمن جی نے کہا کہ میں سیتا جی کو کیسے پہچانوں گا کیونکہ میں نے ان کے بچھوے کے سوائے اور کوئی چیز کبھی دیکھی ہی نہیں ہے - ہندوستانی عورتوں کی شرم اور حیا کی ایک رہ گئی تھی نہ لحاظ رہ گیا تھا اور نہ ایک دوسرے کا خیال باقی رہ گیا تھا - جو ان میں سے یہاں باقی رہ گئے وہ تھوڑے تھے اگر ماں باپ رہ گئے تو بیٹے چلے گئے، بیٹیاں چلی گئیں اس لئے جو باقی رہ گئے تھے ان کو دوسروں کی پرواہ نہیں تھی، دوسروں کی محبت باقی نہیں رہ گئی تھی کیونکہ ن کے جو عزیز تھے وہ باہر چلے گئے تھے اور نئے آنے والوں کو ان لوگوں نے اس طرح سے ہاتھوں ہاتھ نہیں لیا جس طرح کہ لینا چاہئے تھا - اس کا نتیجہ یہ ہوا ہے کہ ہم آج دس برس کے بعد بھی سوسائیٹی کا نظام ٹھیک نہیں کر سکے ہیں - اس میں میں کسی کو الزام نہیں دے سکتی - کیونکہ ہم سب اس کے مجرم ہیں -

---

یہ کہا جاتا ہے کہ عورتیں خود مردوں کو چھیڑنے میں مدد کرتی ہیں - میں اس عمر کی ہوں کہ میں اس بات کو کھول کر کہہ سکتی ہوں - یہ کہا جاتا ہے کہ عورتوں کا لباس، فیشن، لپ اسٹک اور پاؤڈر یہ تمام چیزیں مردوں کا دھیان اس طرف کھینچتی ہیں - وہ مجبور کرتی ہیں کہ ہم کو دیکھیں - یہ سب ٹھیک ہے - ان ہی سب باتوں کو سوچ کر اب سے پہلے ہماری ہندو بہنیں بہت بڑی چادر لپیٹ کر اور گھونگٹ کاڑھ کر چلتی تھیں اور

کی جاتی تھی لیکن ماں بہنوں کی گالیاں بھی دی جاتی تھیں - اگر ماں بہنیں اور بیویاں سب قابل عزت تھیں تو پھر یہ گالیاں نہ ہوتیں - جتنی زیادہ گالیاں ہمارے یہاں ہیں اتنی اور کہیں نہیں ہیں - پہلے یہ چیز چھپی ہوئی تھی لیکن سنہ ۱۹۴۷ کے بعد موقعہ ملا اور وہ برائی سامنے نکل پڑی - سنہ ۱۹۵۰ کی بات ہے- ایک دہلی کے رہنے والے صاحب ہیں- انہوں نے کہا کہ ہم نے اپنی عورتوں کو گھر میں بٹھلا دیا ہے اور کہہ دیا ہے کہ تم باہر نہ نکلو کیونکہ لوگ آوازہ توازہ کستے ہیں - آوازہ توازہ کسنے کا دستور سنہ ۱۹۴۷ کے بعد شروع ہوا اور یہ چیز یہاں ہی نہیں ہے بلکہ تمام ہندوستان میں ہے - پہلے یہ تھا کہ استاد کی چھڑی اور ماں باپ کی تنبیہ اور سماج کا ڈر یہ سب مل کر اخلاقی معیار قائم رکھتے تھے اور لوگ عورتوں کو نکلتے ہوئے جب دیکھتے تھے تو آنکھیں نیچی کر لیتے تھے - لیکن آج یہ ہے کہ کچھ نہ کچھ جملے کہہ دینا ضروری ہو جاتا ہے - یہ میرا تجربہ ہے - کچھ عورتیں ایسی ہیں کہ جن کو دیکھ کر لوگ ضرور ہی بول اٹھتے ہیں اور کچھ ایسی ہیں کہ جو کہ بالکل ٹھیک طریقہ سے گذرتی ہیں، کھڑے ہوکر بات بھی کرتی ہیں، لیکن کوئی شخص نوٹس تک نہیں لیتا - یہ کہہ سکتے ہیں کہ ان کا انداز

[شریمتی انیس قدوائی]

نمایاں حقیقت ساری دنیا میں تھی- دوسرے ملکوں میں میں نے یہ چیز نہیں دیکھی ہے - میں بھی تھوڑا بہت باہر ملکوں میں گئی ہوں - عرب ممالک میں گئی ہوں - اور میں نے ہندوستان کی عورتوں اور وہاں کی عورتوں میں بڑا فرق دیکھا ہے -

آج یہ صورت حال ہے کہ جب کالجوں اور یونیورسٹیوں میں ساتھ ساتھ تعلیم ہوتی ہے دونوں ساتھ ساتھ پڑھتے ہیں - ایک دوسرے کے ساتھ ہر کام کرتے ہیں - سروس کے لئے کوشش کرتے ہیں، سوشل ورک میں بھی دونوں ساتھ ساتھ رہتے ہیں اور سماجی زندگی اور گھر کی زندگی میں ہر جگہ کسی قسم کی پابندی نہیں باقی رہ گئی ہے تو آپ ایک دوسرے پر یہ پابندی نہیں لگا سکتے ہیں کہ وہ کیا کریں اور کیا نہ کریں - لیکن یہ پابندی تو لگا ہی سکتے ہیں کہ ایک دوسرے کی عزت کریں، ایک دوسرے کا احترام کریں - مجھے نہیں معلوم کہ یہ احترام اس سے پہلے تھا یا نہیں لیکن اپنے بچپن سے آج تک جہاں تک مجھے یاد ہے عورتوں کی عزت ہماری سوسائیٹی میں کم ہی رہی ہے چاہے وہ مسلمانوں میں ہو یا ہندوؤں میں ہو - دونوں جگہ عورتوں کے لئے عزت کا جذبہ میں نے کم ہی دیکھا ہے - یہاں دیوی کی پوجا بھی

[MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair]

میں اتنی لائق نہیں ہوں اور یہ بتا نہیں سکتی ہوں کہ کیا گنجائش ہے اور کیا گنجائش نہیں ہے اور کیا کیا سزا دی جا سکتی ہے - لیکن جو سزا دی گئی ہے وہ ایسی نہیں ہے جو کسی غنڈہ یا بدمعاش کے کان کھول سکے اور وہ اپنے کو اس سے روکنا ضروری سمجھے - اس کا مطلب یہ ہے کہ وہ خفیف سا جرمانہ یا معمولی سی سزا کافی نہیں ہے سب سے بڑی چیز تو یہ ہے کہ گورنمنٹ آفیسرس اگر ایسی حرکت کریں تو ان کو ضرور سخت سزا دی جائے -

ساوتری بہن نے سنہ ۱۹۴۸ کا حوالہ دیا - میں نہیں چاہتی تھی کہ اس بات کو یہاں کہتی - میں خود موجود ہوں اور میرے بہت سے ساتھی بھی ایسے ہیں جو کہ گورنمنٹ کے مختلف ڈیپارٹمنٹوں کے آفیسرس کے پاس سے ان لڑکیوں کو ریکور کرکے لائے اور ہم لوگوں کی یہ خواہش تھی، ہم نے گورنمنٹ سے یہ ریکویسٹ بھی کی تھی کہ کسی طرح سے ایسا کیجئے کہ جنہوں نے ایسی حرکت کی ہے اور لوگوں کی مصیبت سے ناجائز فائدہ اٹھایا ہے ان کو تو کم سے کم ایسی سزا مل جائے کہ وہ سروس سے علیحدہ ہو سکیں اور ان کو یہ تو معلوم ہو کہ گورنمنٹ ان چیزوں کو برا سمجھتی ہے لیکن ایسا نہیں ہو سکا - ضرور ہی بدلا ہوا ہوگا تب ہی ایسا ہوتا ہے - لیکن جب لوگوں کے سامنے ایسی باتیں ہوں، پولیس کے سامنے ایسی زیادتیاں ہوں، آفیسرز کے اندر ایسی چیزیں ہوں تب تو ضروری ہو جاتا ہے کہ قانونی طور پر کوئی پروٹیکشن عورتوں کو ملے - یوں ایک آدمی، دو آدمی یا دو چار کی غنڈہ گردی کو معاف کر سکتے ہیں لیکن گورنمنٹ آفیسرس یا پولیس کی اور ان ذمہ دار لوگوں کی غنڈہ گردی کو معاف نہیں کیا جا سکتا ہے جو کہ آفیسز کے اندر بیٹھ کر ضرورتمند اپنی مصیبتیں لے کر آئی ہوئی، اپنے بچوں یا بچیوں کی پڑھائی یا نوکری کے سلسلہ میں مدد مانگتی ہوئی عورتوں کے ساتھ بد تہذیبی کرتے ہیں اور مذاق کرتے ہیں اور ان پر آواز کستے ہیں - ایسے لوگوں کو کڑی سے کڑی سزا ملنی چاہئے - اور اسکول جانے والی لڑکیوں کا پروٹیکشن تو گورنمنٹ کو ضرور ہی کرنا پڑیگا - جب ہم گورنمنٹ کے بھروسہ پر جوان لڑکیوں کو بھیجتے ہیں تو یہ لازمی ہے کہ گورنمنٹ ان کیلئے قانونی طور پر کچھ نہ کچھ کرے - یہ میں نہیں کہہ سکتی کہ آپ دس برس کی سزا دیں یا پندرہ برس کی سزا دیں - لیکن میں سمجھتی ہوں کہ جو موجودہ قانون ہے اس میں کافی گنجائش نہیں ہے اور اگر ایسی گنجائش ہے تو پھر آفیسرز اس کا استعمال نہیں کرتے ہیں -"

[شریمتی انیس قدوائی]

آج بھی یہی صورت ہے - ان دنوں ایک تھانیدار یو. پی. کا ہمارے کیمپ میں آیا جہاں ایک لڑکی برآمد کرکے لائی گئی تھی - وہ تھانیدار جب آتا ہے تو الٹا ہمارے ہی اوپر وارنٹ جاری کرتا ہے اور ہمارے کیمپ کی تلاشی لینا چاہتا ہے - ہم نے گورنمنٹ سے اس کی درخواست کی تھی کہ ایک تھانیدار جس کے سپرد حفاظت کا یہ کام کیا گیا ہے وہ مجرم ہے اس کو آپ سزا دیں - لیکن وہ آج تک اپنی سروس پر موجود ہے - اس طرح کے اور بھی سینکڑوں کیسیز ہوئے - سب سے زیادہ تشویش کی بات یہ ہے کہ ہمارے سکریٹریٹ کا حصہ بھی اس برائی سے خالی نہیں ہے - چھوٹے چھوٹے آفیسرس جس وقت بڑے عہدوں پر جاتے ہیں یا معمولی آدمی بڑے عہدوں پر چلے جاتے ہیں تو ان کو پھر یہ احساس نہیں ہوتا کہ ہمارے یہاں جو آدمی شکایت لیکر آتے ہیں یا کسی کام سے آتے ہیں وہ اتنے ہی ضرورتمند ہیں جتنا کہ وہ خود اس سے پہلے کبھی ہوتے تھے اور اس وقت وہ کسی کے دروازہ پر جاتے تھے -

ان سب چیزوں کو کہنے کے بعد میں ساوتری بہن کا جو بل ہے اس کی تائید کرتی ہوں - میری خواہش ہے کہ ضرور گورنمنٹ اس طرف توجہ کرے کہ کسی طرح کوئی ایسی صورت کی جائے کہ جس سے ہمارا سماجی اور اخلاقی سدھار ہو - اس وقت تو سوسائیٹی کا دیوالہ نکلا جا رہا ہے - عورتیں ، لڑکے سب تباہ ہو رہے ہیں اور مجھے نہیں معلوم کہ تھوڑے دنوں کے بعد کیا ہو گا شاید ہی شریف آدمی نہیں عجائب خانوں میں ڈھونڈنے سے ملیں - اس وقت ایسی صورت پیدا ہو گئی ہے کہ ہماری نوجوان نسل بالکل برباد ہو رہی ہے -

دو چار لفظوں میں میں آپ سے ایک بات اور عرض کرنا چاہتی ہوں اور وہ یہ ہے کہ ہمارے پنڈت جی نے آفیسرز کے لئے ایک لباس مقرر کیا ہے - میرا خیال ہے کہ اگر اسکولوں میں، کالجوں میں اور آفسیز میں عورتوں کے لئے بھی یہی لازم کر دیا جائے کہ وہ پورا اور موٹا کپڑا پہنیں اور سادے لباس میں کام پر آئیں تو اس چیز کا بھی اچھا اثر پڑیگا - یہ ظاہر ہے کہ جب ان کو آزادی ہے کہ دس قسم کا لباس وہ چاہیں پہنیں تو وہ ضرور اچھا کپڑا پہنیگی کیونکہ عورتوں کی یہ ایک عام کمزوری ہے اور اس کو آپ مٹا بھی نہیں سکتے اور نہ یہ مٹ سکتی ہے - وہ اچھے کپڑے پہنیگی - خوبصورت طریقے سے رہیں گی اور اپنے کو اچھی طرح نمایاں رکھنا چاہینگی - آپ ان کو بے ترتیب ڈھنگ سے بال بکھیر کر آنے کو کبھی نہیں کہینگے - لیکن یہ ضرور کہہ سکتے ہیں کہ موٹا اور سادہ لباس پہن کر آئیں - اگر

اتنا ہو جائے تو میرا خیال ہے کہ اس سے بہت اچھا اثر پڑیگا -

اتنا کہنے کے بعد میں پھر ایک بار اس بل کی تائید کرتی ہوں -

†[श्रीमती श्रांस केदबाई (उत्तर प्रदेश) : जनाबे आली, सावित्रीजी ने जो बिल पेश किया है उसमें उन्होने दो चीजो को इस वक्त गडमड कर दिया है। बिल में कुछ और है और जो उन्होंने अभी तफ्सील बयान की है वह कुछ और है। अपनी स्पीच में वह एक ऐसे गेंग का जिक्र ले आई जिस पर हम लोग इससे पहले भी तवज्जह दे चुके है। और जिसके लिये गवर्नमेंट ने दूसरा कानून भी बनाया है। इसलिये वह चीज तो यहा बहस मे खारिज है। यह कहना कि जो गेंग है वह बहुत मे बुरे काम काम करता है, मुख्तलिफ सूबों में गड़बड़ कर रहा है, औरतों को तवायफों के अड्डों पर पहुचाता है, उनको वेश्या बनाता है, तीन तीन, चार चार जगह बेचता है। यह दूसरी चीज़ है। और जो शरीफ घर गृहस्थ औरतों को राह चलते छेड़ते है या अफसर होने या जिम्मेदार जगहों पर पहुंचने के बाद जो औरतों की इज्ज़त करना नही जानते है वह एक अलहदा बात है। इसमें और उनमे बहुत फर्क है। जहां तक मै समझ सकी हूं मेरी मिसेज़ निगम बहन का मतलब इस बिल में उन लोगों से है जो दूसरी तरह के हैं।

बहरहाल मै जो कुछ समझी हू उसके हिसाब से इस बिल पर कहूंगी। मै समझती हूं कि वह एक अच्छी चीज़ यहां पर लाई हैं और एक ऐसे मसले को यहा छेड़ा है जिसको छेड़ना ज्यादा बेहतर है बनिस्बत इसके कि इस पर परदा डाला जाये। अभी तक हम लोग परदा ही डालते रहे है और इस चीज़ को कभी मैदान मे नहीं लाये। मैंने देखा कि इस हाउस में हमारे बहुत से भाई सावित्री बहन के कहने पर नही बल्कि बिल के अलफाज पर इस चीज को यहां लाने पर हसे। बहुत से लोगों को यह एक बहुत अजीब सी बात मालूम हुई। लेकिन शायद मेरे भाई भूल गये है कि आज से बहुत पहले पुराने दिनों में हिन्दुस्तान मे एक ऐसा समाजी निजाम था जिसमें कि जात बरादरी और पंचायतें यह सब जमायतों पर कंट्रोल रखती थीं लेकिन सन् १९४७ मे हमारा वह सारा ताना बाना टूट गया क्योंकि बहुत से लोग गये और बहुत मे लोग आये। लाखों करोड़ों की तादाद मे लोग पाकिस्तान से आये और लाखों करोड़ो की तादाद में यहा से गये। जो वहां से आने वाले है उनको मै ने देखा है। जो यहां से गये है उनकी क्या हालत है यह तो मुझे मालूम नही है क्योकि पाकिस्तान की मैंने शक्ल तक नही देखी है। पार्टीशन के पहले भी लाहौर और करांची नहीं देखा था। इस लिये उनके बारे में मै कुछ नहीं कह सकती। लेकिन जो यहां आय है उनकी हालत को मैंने देखा है और उसका अन्दाजा है। वैसे भी कहा जाता है कि इन्सान एक सोसायटी की चीज है और अगर सोसायटी न हो तो उसमें और जानवर में कोई फर्क नही रह जाता है। बिलकुल वही केफियत थी जबकि समारे समाज का ताना बाना टूट गया और और जब कि हमारी सोसायटी वह नही रह गई जो कि पहले थी। और हमने यह देखा कि इनमें से किसी को ना तो गैरत रह गई थी, न वह शर्म रह गई, न लिहाज रह गया था और न एक दूसरे का ख्याल बाकी रह गया था। जो इनमें से यहा बाकी रह गये वह थोड़े थे अगर मा बाप रह गये तो बेटे चले गये, बेटियां चली गई। इसलिये जो बाकी रह गये थे उनको दूसरों की परवाह नहीं थी, दूसरों की मुहब्बत बाकी नही रह गई थी। क्योंकि उनके जो अजीज थे वह बाहर चले गये थे और नये आने वालों को उन लोगों ने इस तरह से हाथों हाथ नही लिया जिस तरह कि लेना चाहिये था। इसका नतीजा यह हुआ कि हम आज दस वर्ष के बाद भी सोसायटी का निजाम ठीक नहीं कर सके है। इसमें मै किसी को इल्जाम नहीं दे सकती क्योंकि हम सब इसके मुजरिम हैं।

†[ ] Hindi translation.

[श्रीमती अन्नी म किदवाई]

यह कहा जाता है कि औरतें खुद मर्दों को छेड़ने में मदद करती हैं । मैं इस उम्र की हूं कि मैं इस बात को खोल कर कह सकती हूं । यह कहा जाता है कि औरतों का लिबास फैशन, लिपस्टिक और पाउडर यह तमाम चीजें मरदों का रुझान इस तरफ खींचती है । वह मजबूर करती हैं कि वह हमको देखें । यह सब ठीक है । इन्हीं सब बातों को सोचकर अब से पहले हमारी हिन्दू बहनें बहुत बड़ी चादर लपेट कर और घूघट काढ़ कर चलती थीं और मुसलमान बहनें बुरका पहन कर निकलती थीं । लेकिन वह जमाना चला गया । अब हम तरक्की के दौर में है और इस दौर में मरदों ने भी हर चीज नई इख्तियार कर ली है । तो कम से कम जहनियत और आदतों के एतबार से इनमें भी कुछ न कुछ फरक हो जाना चाहिये था । मुझे अफसोस यह है कि जहनियत के एतबार से, अखलाकी एतबार से औरतों और मरदों दोनों को आप कह सकते है कि वह पहले के उस ऊंचे मयार पर नही कायम रहीं हैं जिस पर कि पहले कभी थीं । हिन्दुस्तान की औरत को हमेशा सती और सावित्री से मिसाल दी जाती थी । वह सही माइनों में सती और सावित्री थीं भी । उसकी आवाज, उसका जिस्म, उसकी हर चीज महफज थी घर के लिये, खानदान के लिये । बाहर उसको कोई देख नहीं सकता था । आज यह कहा जाता है कि हिन्दू भाइयों में परदा का रिवाज नहीं था लेकिन मैने खुद रामचन्द्र जी की कहानी में पढ़ा है कि जब रामचन्द्र जी ने सीता को ढूंढने के लिये लक्ष्मण जी से यह कहा कि मैं इधर जाता हू और तुम उधर जाओ तो लक्ष्मण जो ने कहा कि मै सीताजी को कैसे पहचानूगा क्योंकि मैने उनके बिछुए के सिवाय और कोई चीज कभी देखी ही नहीं है । हिन्दुस्तानी औरतों की शर्म और हया की एक नुमायां हकीकत सारी दुनिया में थी । दूसरे मुल्कों में मैने यह चीज नहीं देखी है । मै भी थोड़ा बहुत बाहर मुल्कों में गई हूं । अरब मुमालक में गई हूं और मैंने हिन्दुस्तान की औरतों और वहां की औरतों में बडा फर्क देखा है ।

आज यह सूरतेहाल है कि जब कालिजों और यूनिवर्सिटियों मे साथ साथ तालीम होती है, दोनों साथ साथ पढ़ते है, एक दूसरे के साथ हर काम करते है । सर्विस के लिये कोशिश करते हैं । सोशल वर्क में भी दोनों साथ साथ रहते है और समाजी जिन्दगी और घरेलू जिन्दगी में हर जगह किसी किस्म की पाबन्दी नही बाकी रह गई है तो आप एक दूसरे पर यह पाबन्दी नही लगा सकते हैं कि वह क्या करें और क्या न करे । लेकिन यह पाबन्दी तो लगा ही सकते हैं कि एक दूसरे की इज्जत करें, एक दूसरे का एहतराम करे । मुझे नहीं मालूम कि यह एहतराम इससे पहले था या नहीं । लेकिन अपने बचपन से आज तक जहां तक मुझे याद है औरतों की इज्जत हमारी सोसायटी में कम ही रही है चाहे वह मुसलमानों में हो या हिन्दुओं में हो । दोनों जगह औरतों के लिये इज्जत का जज्बा मैंने कम ही देखा है । यहां देवी की पूजा भी की जाती थी लेकिन मा बहनों को गालिया भी दी जाती थी । अगर मां, बहनें और बीवियां सब काबिले इज्जत थी तो फिर यह गालिया न होतीं । जितनी ज्यादा गालिया हमारे यहा है उतनी और कहीं नहीं है । पहले यह चीज छिपी हुई थी लेकिन सन् १९४७ के बाद मौका मिला और वह बुराई सामने निकल पड़ी । सन् १९५० की बात है एक देहली के रहने वाले साहिब है उन्होंने कहा कि हमने अपनी औरतों को घर में बिठला दिया है और कह दिया है कि तुम बाहर न निकलो क्योंकि लोग आवाजा तवाजा कसते है । आवाजा तवाजा कसने का दस्तूर सन् १९४७ के बाद शुरू हुआ और यह चीज यहां ही नहीं है बल्कि तमाम हिन्दुस्तान में है । पहले यह था कि उस्ताद की छडी और मां बाप की तनबीह और समाज का डर यह सब मिलकर अखलाकी मयार कायम रखते थे और लोग औरतों को निकलते हुए जब देखते थे तो आंखें नीची

